बिहार सरकार
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग)
द्वितीय तल, पंत भवन, पटना–800001

## निविदा सूचना

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, द्वितीय तल, पंत भवन, पटना–800001 के द्वारा समय–समय पर **आपदा न्यूनीकरण आधारित डिजाईनिंग** का कार्य कराया जाता है। इस हेतु निम्नांकित शर्त्तों के अधीन DESIGNER EMPANELMENT हेतु प्रस्ताव मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

शर्तेः–

(1) आपूर्तिकर्त्ता फर्म/व्यक्ति को आयकर एवं सेवाकर से निबंधित होने का प्रमाण पत्र एवं विगत तीन वर्ष का विवरणी देना अनिर्वाय होगा।
(2) डिजाईनिंग साफ्टवेयर जैसे'–Coreldraw, Photoshop, Illustration, Indesign एवं Quark Express में डिजाइनिंग की अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
(3) सरकारी क्षेत्र एंव विज्ञापन के क्षेत्र में डिजाईनिंग के कार्य का कम–से–कम 5 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।
(4) डिजाईनर की शैक्षणिक योग्यता कम–से–कम स्नातक हो तथा हिन्दी, अग्रेजी टाईपिंग एवं भाषा की अच्छी जानकारी होनी चाहिए।
(5) Drawing , Sketching , Cartooning and Coloring की अच्छी समझ हो।
(6) ग्राफिक्स की अच्छी जानकारी हो।
(7) Disaster Risk Reduction की जानकारी एवं समझ हो ।
(8) Social Development Agencies के साथ कार्य का अनुभव हो।
(9) प्रमुख हिन्दी/अंग्रेजी दैनिक अखबार एवं पत्रिका में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
(10) निविदा प्राप्ति की **अंतिम तिथि 06.01.2016 (समय 5.00 बजे अपराह्न तक)** है। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के बाद कोई निविदा स्वीकार नहीं की जायगी। सभी निविदा तकनीकी एवं वित्तीय अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में पंत भवन के द्वितीय तल पर स्थित प्राधिकरण के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। लिफाफों के उपर साफ–साफ नाम पता अंकित होना चाहिए।
(11) सभी **निविदाऐं 08.01.2016 को** प्राधिकरण के कार्यालय **में 3.00 बजे अपराह्न** में क्रय समिति के समक्ष खोली जायगी। तकनीकी निविदा सही पाये जाने पर ही उनकी वित्तीय निविदा खोली जायेंगी। निविदा खोलने के समय आपूर्ति कर्त्ता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
(12) निविदादाता को नियमानुसार सेवाकर एवं आयकर की राशि की कटौती कर भुगतान किया जायगा।
(13) निविदा आंशिक या पूर्णरूपेण बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार, प्राधिकरण में निहित होगा।
(14) आश्यकता पड़ने पर इस संबंध में प्राधिकरण कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
**सचिव**
**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

ज्ञापांक – 1599 /प्राधि0 पटना, दिनांक– 15-12-15

प्रतिलिपि–वरीय तकनीकी सहायक, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना को निदेश दिया जाता है कि इसे प्राधिकरण के **वेबसाईट www.bsdma.org** पर सर्वसाधारण की सूचना हेतु लोड करेगें।

सचिव 15/12/15